# श्रावण सोमवार पर हर हर महादेव की गूंज

**खास बातें**

- देवपुर में सावन के मेले में लगे झूले
- शिवालयों में उमड़ा आस्था का जनसैलाब

**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज 14 जुलाई, पवित्र श्रावण मास के प्रथम सोमवार पर क्षेत्र के शिवालयों में आस्था का जनसैलाब दिखाई दिया. कई श्रद्धालु शिव मंदिरों में पिंड भरते हुए, तो कई श्रद्धालु काँवड़ लेकर पहुंचे. वहीं कई श्रद्धालु मंडलियों में पैदल भजन, कीर्तन कर शिव मंदिरों की ओर जाते दिखाई दिए. इस दौरान क्षेत्र में चारों ओर भगवान शिव की भक्ति का वातावरण दिखाई दिया. शिवालयों में दिनभर हर-हर महादेव के जयकारे गूंजतें रहे. पवित्र तीर्थक्षेत्र बाबा विश्वनाथ धाम देवपुर में भी बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर भगवान विश्वनाथ की आराधना की. इस दौरान देवपुर में मेले का भी आयोजन किया गया.**

पवित्र श्रावण मास के पहले सोमवार पर शिवालयों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा. इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शिवालयों में पहुंचकर भगवान महादेव की पूजा, अर्चना एवं अभिषेक किया. वही क्षेत्र के शिव मंदिरों में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान एवं कार्यक्रम आयोजित किए गए. श्रावण मास के पवित्र सोमवार को लेकर मंदिर समितियों द्वारा भी मंदिरों में व्यापक तैयारियां की गई थी. नगर के सोमनाथ मंदिर, भूतेश्वर मंदिर, पंचकुईयां मंदिर, नीलकंठेश्वर मंदिर, नागेश्वर मंदिर, जटाशंकर महादेव मंदिर सहित विभिन्न शिव मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ दिखाई दी.



## पिंड भरते देवपुर पहुंचें श्रद्धालु

श्रावण सोमवार पर पवित्र तीर्थक्षेत्र बाबा विश्वनाथ धाम देवपुर में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचें. एवं बाबा विश्वनाथ जी मंदिर परिसर में स्थित पवित्र कुंड के जल से स्नान कर बाबा विश्वनाथ जी की पूजा, अर्चना एवं अभिषेक किया. वहीं कई श्रद्धालुओं द्वारा बाबा विश्वनाथ धाम देवपुर में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया. श्रावण सोमवार के अवसर पर सुबह से ही श्रद्धालुओं के देवपुर पहुंचने का क्रम शुरू हो गया. जो दिनभर जारी रहा. इस दौरान सिरोंज आरोन मार्ग पर देवपुर की ओर जाते हुए श्रद्धालुओं की भीड़ दिखाई दी. नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु देवपुर पहुंचें. इस दौरान कई श्रद्धालु पिंड भरते हुए, तो कई श्रद्धालु कांवड़ लेकर भी देवपुर पहुंचे. कई श्रद्धालु पैदल भजन, कीर्तन करते हुए पहुंचें. उन्होंने देवपुर पहुंचकर बाबा विश्वनाथ जी की पूजा, अर्चना एवं अभिषेक किया.

### पठारी में शिवालयों में उमड़ा जन सैलाब

पठारी में श्रावण मास के पहले सोमवार को मौसम खुलते ही शिवालयों में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर अभिषेक व पूजा अर्चना की. कस्बे के ज्ञान नाथ पहाड़ी पर स्थित शिव मंदिर, कूटकेश्वर मंदिर, देवल घाट स्थित शिव मंदिर, गड़ी स्थित शिव मंदिर, श्री राज मंदिर, पोद्दार मंदिर सहित अन्य सभी शिवालयों में भगवान शिव का अभिषेक एवं पूजा अर्चना की गई. सुबह से ही महिलाएं, पुरुष व बच्चे शिवालयों के दर्शनों के लिए पहुंचने लगे थे.ज्ञाननाथ पहाड़ी पर सैकड़ों की संख्या में कतारबद्ध होकर महिलाएं भोलेनाथ के दर्शनों के लिए पहुंची थीं.



### देवपुर में लगा सावन का मेला

देवपुर में सावन का मेला भी लगा. जिसमें कई प्रकार की दुकानें लगाई गई. तो मेले में कई आकर्षक झूले भी लगे. मंदिर क्षेत्र में लगी विभिन्न दुकानों पर लोगों ने पहुंचकर जमकर खरीददारी की. वही बच्चे झूलों का आनंद लेते दिखाई दिए.

## गुलाबगंज नगर में निकली महाकाल की शाही सवारी

**ढोल,नगाड़ों,डमरू की धुन पर जमकर थिरके शिवभक्त**

गुलाबगंज में प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी सावन के प्रथम सोमवार को शिव भक्तों द्वारा भगवान महाकाल की शाही सवारी निकाली गई. इस दौरान बाबा महाकाल की शाही सवारी के आगे आगे शिवभक्त ढोल,नगाड़े,डमरू की धुन पर थिरक रहे थे तो वही नगरवासी अपने अपने घर के बाहर रंगोली बनाए, कलश जलाए, थाली सजाए बाबा महाकाल की पूजा आरती करने के लिए उत्साहित थे, बाबा महाकाल को नगर भ्रमण कराते हुए मंगल आरती धाम,श्री सिद्ध हनुमान रेल्वे



मंदिर,बीजासेन माता मंदिर,श्री राम मंदिर में देवताओं के दर्शन कराकर बाबा की पूजन आरती की गई.तत्पश्चात शाही सवारी समापन के बाद श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरण किया गया. वहीं इससे पहले नगर के शारदा माता मंदिर के प्रांगण में 11 जुलाई से रोजाना असंख्य पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं सवा लाख महामृत्युंजय अनुष्ठान जैसे धार्मिक आयोजन प्रतिदिन चल रहे हैं.जिसमें नगर के अलावा आस आस के ग्रामीण जन भी बढ़चढ़ कर धर्म लाभ ले रहे हैं.वही 16 जुलाई बुधवार को विशाल क्षेत्रीय भंडारे का आयोजन भी रखा गया है जिसमें आयोजन समिति ने सभी धर्म प्रेमी बंधुओ से प्रसादी ग्रहण करने की अपील की हैं.

### विधायक मुकेश टंडन हुये शामिल

विदिशा विधायक मुकेश टंडन ने गुलाबगंज क्षेत्र में चल रहे विभिन्न धार्मिक आयोजन में ग्रीन सिटी कॉलोनी,शारदा माता मंदिर पर असंख्य पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं शाही सवारी, भाजपा नेता मनोज परिहार के घर चल रही शिव महापुराण कथा में शामिल होकर धर्म लाभ लिया.

## श्रावण मास के पहले सोमवार को सांची के मंदिरों में भी उमड़ा आस्था का सैलाब

सांची, श्रावण मास के प्रथम सोमवार को नगर के शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी. सुबह से ही मंदिरों में जलाभिषेक, पूजा-अर्चना एवं भजन-कीर्तन का क्रम आरंभ हो गया, जो देर शाम तक चलता रहा.शिवभक्तों ने बड़ी श्रद्धा और भक्ति भाव से भगवान भोलेनाथ को जल, बेलपत्र, दूध, शहद एवं पुष्प अर्पित किए. नगर के मुख्य चौराहे पर स्थित प्राचीन शिव मंदिर में विशेष भजन एवं पूजन कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें महिलाओं और बच्चों की भी विशेष भागीदारी रही.श्रद्धालु सुबह से ही मंदिरों की ओर उमड़ने



लगे थे.महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में सजकर पूजा-अर्चना की, वहीं युवाओं और बच्चों में भी शिवभक्ति को लेकर उत्साह दिखाई दिया. अनेक हिन्दू धर्मावलंबियों के अनुसार, श्रावण मास भगवान शिव की उपासना का सबसे पवित्र समय होता है.इस मास में विशेष रूप से सोमवार को भगवान शिव की पूजा-अर्चना करने तथा व्रत रखने से इच्छित फल की प्राप्ति होती है। भगवान शिव जल्दी प्रसन्न होने वाले देव हैं, अत: श्रद्धालु पूरे भक्ति भाव से उनकी आराधना करते हैं.इस अवसर पर नगर के वरिष्ठ नागरिक एवं समाज सेवी सी.एल. तिवारी ने कहा कि श्रावण सोमवार का विशेष महत्व है.यह शिवभक्तों के लिए आध्यात्मिक जागरण का अवसर होता है. नगर में वर्षों से इस परंपरा का पालन श्रद्धा भाव से होता आ रहा है.विवेक तिवारी ने कहा कि हमारा सौभाग्य है कि श्रावण मास में हमसब मिलकर भगवान शिव की आराधना मे लीन होते है जहां शिवभक्ति की गूंज हर ओर सुनाई देती है. युवाओं में भी भगवान शिव के प्रति श्रद्धा देखकर प्रसन्नता होती है.वहीं कमलकिशोर पटेल ने बताया कि श्रावण माह में शिवमंदिरों में हर सोमवार को विशेष आयोजन होते हैं. मंदिर समिति द्वारा दर्शन व्यवस्था, प्रसाद वितरण एवं सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था की गई है.श्रावण का पहला सोमवार होने के कारण मंदिरों में विशेष तैयारियां की गई थीं. श्रद्धालुओं की भीड़ को ध्यान में रखते हुए तथा इस पवित्र माह की पवित्रता को देखते हुए नगर परिषद प्रशासन मंदिरों एवं मंदिरों के आसपास साफ सफाई और सुविधा हेतु विशेष इंतजाम किए गए थे.

## दांगी क्षत्रिय समाज का सम्मेलन 16 को

**नवभारत न्यूज**

**कुरवाई,** क्षत्रिय युवा सम्मेलन का आयोजन 16 जुलाई कल बुधवार को समय दोपहर 12 बजे उत्सव गार्डन कुरवाई में रखा गया है. जिस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व गृहमंत्री एवं खुरई विधायक भूपेंद्र सिंह के पुत्र अभिराज सिंह का मार्गदर्शन युवाओं को प्राप्त होगा इसी विषय पर दांगी क्षत्रिय समाज की विशाल बैठक रखी गई.अधिक से अधिक संख्या के पधार कर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील समाज जनों से की गई बैठक में परवेक्षक के रूप में अजीत सिंह चील पहाड़ी, गोविन्द सिंह, कृपाल सिंह, भारत सिंह, चन्द्रभान सिंह, लल्लू सरपंच, कुलवन्त सिंह, मोहर सिंह, गजराज सिंह, जसवंत सिंह, दीप सिंह तिलक सिंह, संदीप ठाकुर विक्रम सिंह,संजीव दांगी, समाज के अध्यक्ष कमलसिंह, युवाध्यक्ष यसवंत सिंह आदि उपस्थित रहे.

## ओलंपस हाई के विद्यार्थियों का भोपाल कलेक्टर ने किया सम्मान



**भोपाल में विदिशा के ओलंपस हाई के बच्चों का परचम**

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** ओलंपस हाई के बच्चों ने भोपाल में इंटर स्कूल कैनवा सॉफ्टवेयर पोस्टर डिजाइनिंग प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त किया.स्कूल संचालक मोहित रघुवंशी ने जानकारी देते हुए बताया की भोपाल के आई ई एस पब्लिक स्कूल द्वारा विगत दिनों विभिन्न केटेगरी में टेक प्रतियोगिता आयोजित की गई थी जिनमे ओलंपस हाई के विद्यार्थियों ने भी अपनी सहभागिता दर्ज की थी. इस प्रतियोगिता में भोपाल के सीबीएसई एवं आईसीएसई स्कूलों के बच्चों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया था.कैनवा पोस्टर डिजाइनिंग प्रतियोगिता में ओलंपस हाई स्कूल के कक्षा 6 के अनंजय सिंह और अथर्व राज सिंह ने भाग लिया. वहीं साइबर क्विज प्रतियोगिता में कक्षा 11 के सुकुमार सक्सेना और कक्षा 10 के प्रिंस धामोनिया ने भाग लिया.उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अनंजय सिंह और अथर्व राज ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया और भोपाल कलेक्टर कोशलेन्द्र विक्रम सिंह द्वारा पुरस्कार प्राप्त किया.बच्चों की इस सफलता पर स्कूल प्राचार्या प्राची रघुवंशी ने बच्चों, शिक्षकों को बधाई प्रेषित कीं.

## सेंटमेरी का शत प्रतिशत रहा रिजल्ट

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** सेंटमेरी पीजी कॉलेज के सत्र 2024-25 के सभी संकायों का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा बीबीए में दीक्षा मीना 87 प्रतिशत, अमन यादव 84प्रतिशत, पलक दांगी 83.5प्रतिशत, बीकॉम में अर्पित रजक 85.5प्रतिशत, रमन बघेल 84.5प्रतिशत ,रूपाली शर्मा 84.5प्रतिशत बीए में केशव गोहिया 82.5प्रतिशत, राहुल धुर्वे 82.5प्रतिशत, देवांश कुरेले 82प्रतिशत, बीएससी माइक्रो बायोलॉजी में रंजना लोधी 88प्रतिशत, शीतल अहिरवार 84.5प्रतिशत, बायो प्लेन में रोहित लोधी 87त्र, हनी कंजेले 82प्रतिशत बायोटेक में मुस्कान रजक 85.5प्रतिशत और महेंद्र सिंह 85प्रतिशत सिलावट 85प्रतिशत, बीएससी मैथ में हर्षिता विश्वकर्मा 85प्रतिशत, रूपाली यादव 82प्रतिशत, उमा श्रीवास्तव 80प्रतिशत बीसीए में देवेंद्र लोधी 74.5प्रतिशत ,अखिलेश कुशवाहा 73.5प्रतिशत विद्यार्थियों की सफलता पर संसद संचालक फादर शिंटो ने उन्हें बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की.

## पेड़ भी मां की तरह होते, एक पेड़ मां के नाम जरूर लगाओ- गायत्री देवी

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा,** प्रथम श्रावण सोमवार व जिला पंचायत सदस्य गायत्री देवी रघुवंशी के जन्मोत्सव के अवसर पर ग्राम सेमरी के महारानी अवंतीतीबाई लोधी योग मैदान मे एक पेड़ मां के नाम नामक विशेष अभियान की शुरुआत की . यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य गुरूदेव डा इन्द्रेश कुमार के आह्वान पर शुरू किया गया है.जिसके अंतर्गत हर नागरिक को अपनी मां या धरती मां के नाम पर एक पौधा लगाने के लिए प्रेरित किया जाता है.इस वर्ष यह अभियान पांच जून से 30 सितंबर तक चलेगा.परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा द्वारा जिलों के सभी शिक्षा अधिकारियों को भेजे गए निर्देशों में कहा गया है कि इस अभियान को मिशन लाइफ के तहत संचालित किया जाएगा. स्कूलों में ईको क्लब की मदद से इसे लागू किया जाएगा, जिससे बच्चों के साथ-साथ अभिभावकों और स्थानीय समुदाय की भागीदारी की जाएगी. इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य गायत्री देवी रघुवंशी ने कहा एक पेड़ माँ के नाम का सार एक प्रतीकात्मक भाव है.अपनी माँ के नाम पर एक पेड़ लगाना.यह सरल कार्य दोहरा उद्देश्य पूरा करता है.जीवन के पोषण में माताओं की भूमिका का सम्मान और पृथ्वी के स्वास्थ्य में योगदान. पेड़ जीवनदायी होते हैं, और एक माँ की तरह, वे अगली पीढ़ी को पोषण, सुरक्षा और भविष्य प्रदान करते हैं. इस पहल के माध्यम से, प्रतिभागी न केवल अपनी माँ के सम्मान में एक स्थायी स्मृति बनाते हैं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की महती आवश्यकता को भी संबोधित करते हैं.सरपंच पन्नालाल लोधी ने बताया आज से यह अभियान पूरी पंचायत मे प्रारंभ किया जा रहा है आज पीपल, सिंदूर, बैल पत्री , बरगद, आंवला पांच पौधो का रोपण जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रघुवंशी के कर कमलो द्वारा कराया गया.कार्यक्रम मे सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने बताया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व गुरूदेव डा इन्द्रेश कुमार के आह्वान पर पूरे देश मे एक पेड मां के नाम अभियान सघनता से चलाया जा रहा है इसी चरण मे आज पुण्य काल महादेव को अत्यंत प्रिय प्रथम श्रावण सोमवार को शिव शंभू को प्रिय लगने वाले औषधीय व दैवीय पौधो का रोपण किया जा रहा है.

महेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया एक पेड़ माँ के नाम का मतलब है माँ के नाम पर एक पेड़ यह एक अभियान है जिसका उद्देश्य लोगों को अपनी माताओं के सम्मान में पेड़ लगाने के लिए प्रोत्साहित करना है, चाहे वे जीवित हों या दिवंगत।इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना और माताओं के प्रति सम्मान व्यक्त करना है.इस अवसर पर शासकीय माध्यमिक विद्यालय सेमरी के बच्चो ने श्रीमती रघुवंशी का पुष्प मालाऔ व शाल श्रीफल कलम पेन उपहार भेंट कर जन्मदिन तो मनाया ही एक मांग पत्र भी उनको सौपा जिसमे शाला मे लाइट नही है,विद्युतीकरण करने,पंखे लगवाने, नया हैंडपंप लगाने, बाउंड्रीवाल बनवाने, तीन अतिरिक्त शिक्षक शैक्षणिक कार्य हेतु देने , चार मे से तीन कमरो की छत टपक रही है उसकी मरम्मत कराने की मांग की गई है.इस अवसर पर राजा रघुवंशी, फेरन सिंह प्रियांशी सेन, रिषीराज लोधी , यश पंथी , अंश लोधी , चांदनी पंथी , मानसी राजपूत, भावना लोधी, अरूण लोधी , कार्तिक लोधी, दीपेश लोधी , प्रियंका लोधी सहित गणमान्य नागरिक व ग्रामीण जन उपस्थित थे.

**प्रोग्राम** | **महिलाओं को आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर करने का सार्थक प्रयास**

## एसएटीआई में आरंभ हुआ विमेन एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट प्रोग्राम

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा, महिलाओं को स्वरोजगार की दिशा में प्रोत्साहित करने हेतु मध्य प्रदेश काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी , भोपाल द्वारा सम्राट अशोक टेक्नोलॉजिकल इंस्टिट्यूट ( एसएटीआई ) के सहयोग से विमेन एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया गया है. एक माह चलने वाले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ विगत दिवस एसएटीआई के निदेशक डॉ. वाय. के. जैन की अध्यक्षता में संपन्न हुआ.**

इस प्रशिक्षण शिविर में 25 से अधिक महिलाएं एवं छात्राएं भाग ले रही हैं, जो एक माह की अवधि में यह सीखेंगी कि किस प्रकार एक उद्यम की स्थापना की जाती है, उद्यमिता में सफलता प्राप्त करने के लिए किन गुणों की आवश्यकता होती है, और




व्यवसाय कैसे संचालित किया जाता है.कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना, माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर एमपीसीएसटी भोपाल से आए प्रोग्राम एडवाइजर श्री अवनीश शर्मा, कु. नव्या चतुर्वेदी, श्री अपार मेहरा, एसएटीआई से कार्यक्रम की समन्वयक एवं एआईएमएल विभागाध्यक्ष डॉ. शिल्पा दातार, सीएसई विभागाध्यक्ष डॉ. कनक सक्सेना, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. ज्योत्सना ओघले, तथा आईक्यूएसी कोऑर्डिनेटर डॉ. आशीष मनोरिया मंचासीन रहे.डॉ. शिल्पा दातार ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए लिज्जत पापड़ जैसे प्रसिद्ध महिला-उद्यम मॉडल का उदाहरण दिया और महिलाओं से आग्रह किया कि वे पूरे एक माह इस प्रशिक्षण में नियमित उपस्थित रहकर लाभ लें.

डॉ. आशीष मनोरिया ने प्रतिभागियों को तकनीकी माध्यमों जैसे ई-कॉमर्स एवं सोशल मीडिया मार्केटिंग के जरिए व्यवसायिक सफलता की संभावनाएं बताईं.उन्होंने बताया कि महिलाएं हैंडीक्राफ्ट, ब्यूटी पार्लर, होम किचन जैसे छोटे मगर मुनाफा देने वाले व्यवसायों में आज सफल हो रही हैं. उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम महिलाओं के आत्मनिर्भर बनने की दिशा में एक प्रेरणादायी कदम है, जो उन्हें सफल उद्यमिता की राह पर ले जाने के लिए सशक्त करेगा.सीएसई विभागाध्यक्ष डॉ. कनक सक्सेना ने कहा कि महिलाओं के लिए सबसे जरूरी है अपने अंदर के डर पर जीत पाना और आत्मविश्वास से आगे बढ़ना. उन्होंने सुझाव दिया कि कॉमर्स और फाइनेंस का बुनियादी ज्ञान महिलाओं को सशक्त बना सकता है.

कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. वाय. के. जैन ने कृष्णा पिकल्स की संस्थापक कृष्णा यादव का उदाहरण देते हुए समझाया कि मात्र 500 से शुरू हुआ अचार का व्यवसाय आज 5 करोड़ सालाना का उद्योग बन चुका है. उन्होंने कहा कि किसी भी छोटे विचार को यदि सही मार्गदर्शन मिले, तो वह बड़े उद्यम में बदल सकता है.प्रोग्राम एडवाइजर अवनीश शर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम में जिन विशेषज्ञों के व्याख्यान होंगे, वे सभी उद्योग, मार्केटिंग, वित्त, एवं प्रबंधन के अनुभवी विशेषज्ञ होंगे.यदि प्रतिभागी इनसे सीखने की जिज्ञासा रखें, तो यह कार्यक्रम उनके लिए परिवर्तनकारी सिद्ध हो सकता है.वोट ऑफ थैंक्स कु. नव्या चतुर्वेदी द्वारा प्रस्तुत किया गया, तथा कार्यक्रम का संचालन प्रो. शीना कुमार ने किया। आयोजन में डॉ. राशि कुमार, डॉ. अभिषेक जैन एवं प्रो. निखिल मोहन व्यास का सहयोग सराहनीय रहा.

## राष्ट्र सेविका समिति ने किया गुरु पूजन

**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज,** राष्ट्र सेविका समिति सिरोंज नगर द्वारा गुरुपूजन कार्यक्रम लक्ष्मीबाई शाखा गौरव नगर में मनाया गया. जिला कार्यवाहिका अवंतिका बघेल ने भगवा ध्वज हमारा गुरु विषय पर बौद्धिक दिया. कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षिका नलिनी जैन ने की. उन्होंने जीवन में गुरु का महत्व के बारे में बताया. नगर कार्यवाहिका अर्चना चौहान ने आभार व्यक्त किया. शाखा कार्यवाहिका भावना त्यागी ने ध्वजारोहण किया. इस दौरान




तान्या चौहान, सरला भार्गव, वेदांशी, भूमिका यादव, पूजा श्रीवास्तव, अंजलि रघुवंशी, निधि साहू, केशवी त्यागी, रिमझिम सेन, सहित सेविका बहनों ने गुरु पूजन किया.

## श्रावण माह के प्रथम सोमवार को मां के नाम रौपा पौधा

**नवभारत न्यूज**

**सांची,** श्रावण माह के प्रथम पावन सोमवार को भगवान शिव की आराधना कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मां के नाम एक पौधा हनुमान मंदिर परिसर मे बेलपत्र का 90 वर्षीय श्रीमती सुशीला शाहनी एवं श्रीमती सुमन बाजपेयी सहित नवागत थाना प्रभारी जेपी त्रिपाठी ने रौपा ।एवं नगर वासियों को पौधरोपण का संदेश दिया गया.

